डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : सम्ब0/1039/2026 दिनांक : 20/03/2026

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
डा० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

विषयः शासन के पोर्टल पर स्थायी/अग्रेत्तर सम्बद्धता हेतु किये जा रहे आवेदन के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि नवीन/पूर्व से संचालित महाविद्यालयों द्वारा स्थायी/अग्रेत्तर सम्बद्धता हेतु शासन के माध्यम से संचालित पोर्टल पर आवेदन किये जाने की अंतिम तिथि दिनांक 22 मार्च, 2026 निर्धारित है।

अतः समस्त संबंधित महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त तिथि तक पोर्टल पर आवेदन सुनिश्चित करते हुए निरीक्षण मण्डल गठन हेतु पत्रावली दिनांक 23.03.2026 को अपराह्न 12:00 बजे तक विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

साथ ही अवगत कराना है कि निरीक्षण मण्डल का पत्र विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 25 मार्च, 2026 तक प्रत्येक दशा में निर्गत किया जाएगा। महाविद्यालयों द्वारा निरीक्षण मण्डल के सदस्यों से समन्वय स्थापित करते हुए संस्थान का भौतिक निरीक्षण कराया जाए तथा उसकी आख्या दिनांक 10 अप्रैल, 2026 से पूर्व अनिवार्य रूप से ऑनलाइन अपलोड की जाए। साथ ही उक्त आख्या की हार्ड कॉपी सदस्य–सचिव के माध्यम से विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित करें।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रभारी, कुलपति सचिवालय कृ माननीय कुलपति जी को सूचनार्थ।
2. संबंधित एजेंसी – इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना समस्त महाविद्यालयों के लॉगिन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
3. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Affisvlett